EditorsBreaking

ताज़ा समाचार और नवीनतम अपडेट

ग्वालियर

बसने से पहले दम तोड़ गया थाटीपुर सटिी का सपना

प्रकाशति तथिि: 27 Oct 2026



- पुनर्घनत्वीकरण योजना से थाटीपुर कालोनी हुई उजाड़

(संजय तोमर)

ग्वालयिर| ऊंचे-ऊंचे मट्टिी के ढेर, नालयिां चोक, जंगली झाडयिां और बेतरतीब तरीके से फैल रही पेड़ों की शाखाएं ये है सौ वर्ष पुरानी थाटीपुर कालोनी की पहचान। इस कालोनी में शासन की ओर से थाटीपुर पुनर्घनत्वीकरण योजना से नए नर्मिाण कएि जा रहे हैं। नई सटिी का ख्वाब दखिाया जा रहा है लेकनि सभी नर्मिाण अधर में है। बीते कई महीनों से यहां चल रहे नर्मिाण बंद पड़े हैं। इस वजह से थाटीपुर कालोनी के एक बड़े हस्सि में रह रहे शासकीय कर्मयिों का जीना मुश्कलि हो रहा है। यहां से गुजरते समय ऐसा लगता नहीं कयिह नगर नगिम सीमा क्षेत्र में बसी वर्षो पुरानी कालोनी है। इसकी हालत इसकदर खराब है कयिहां शहर की बस्तयिों से भी बुरी स्थतिि है। रात में न तो प्रकाश की व्यवस्था है न ही नालयिों की साफ-सफाई। सीवरलाइन ओवरफ्लो हो रहे हैं।

हाउसिंग बोर्ड की पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत थाटीपुर क्षेत्र के विशाल भूभाग पर विशाल मेगा सिटी बनाने का प्लान तैयार है। इसमें व्यावसायिक मार्केट, ऊंची-ऊंची बहुमंजिला बिल्डिंग और सुव्यवस्थित सड़कें बनाया जाना है किंतु देखने में आ रहा है कि इस पूरे क्षेत्र में कई माह से निर्माण कार्य लंबे समय से ठप पड़ा है। पूरे क्षेत्र में अंधकार पसरा हुआ है। नालियों में गंदगी ऊपर तक आ चुकी है। बड़े पेड़ बेतरतीब तरीके से फैल चुके हैं। यहां रह रहे लोग किसी से शिकायत करने की स्थिति में भी नहीं है। इसकी वजह पूरी कालोनी का नए सिरे से निर्माण होना है।

यह हो चुके है निर्माण

थाटीपुर क्षेत्र की इस कालोनी में फिलहाल सरकारी कर्मियों के आवास तो बन चुके हैं। कार्यालय भवनों को भी तैयार कर लिया गया है। ऊंची-ऊंची पानी की टंकी बना दी गई है। सड़क भी बना दी गई है। रामकृष्ण आश्रम के सामने वाले इलाके में पुराने मकान तोड़कर मैदान साफ कर दिया गया है मगर अब तक यहां 22 मंजिला भवन का निर्माण नहीं हो सका है। इसी तरह मुख्य मार्ग पर बसे सी व बी ब्लाक के पुराने आवास तो गिरा दिए गए है मगर अब तक यहां निर्माण शुरू नहीं हो सके हैं।

इसलिए रुका निर्माण

बताया जा रहा है कि हाउसिंग बोर्ड अधिकारियों की कारगुजारियों के चलते यह निर्माण कार्य शासन के आदेश से पिछले कुछ माह से रुका हुआ है। इसकी अधिकारी भी स्पष्ट तौर पर जानकारी देने से बच रहे हैं। हाउसिंग बोर्ड के ईई राजेंद्र तिवारी ने कहा कि कालोनी के निर्माण कार्य फिलहाल बंद पड़े हैं। नगर निगम से स्वीकृति लेने के बाद इन्हें शुरू किया जाएगा।

टैग: #gwalior news #thatipur city
